मध्यप्रदेश शासन

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग

प्रशासकीय प्रतिवेदन

2017-18

MSME
ENTREPRENEURSHIP

मध्यप्रदेश शासन

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग

प्रशासकीय प्रतिवेदन

2017-18

अनुक्रमणिका

क्रमांक	अध्याय		पृष्ठ क्रमांक
01.	प्रभारी मंत्री एवं विभाग में पदस्थ प्रमुख पदाधिकारी/अधिकारी		01
02.	**भाग - एक**	विभागीय संरचना, अधीनस्थ कार्यालय/निगमों की सामान्य जानकारी, विशेषताए, महत्वपूर्ण सांख्यिकी	02-34
03.	**भाग - दो**	बजट विहंगावलोकन एवं योजनावार प्रावधान, लक्ष्य, व्यय	35-38
04.	**भाग - तीन**	राज्य योजनाऍं एवं केन्द्र प्रवर्तित योजनाएं	39-44
05.	**भाग - चार**	सामान्य प्रशासनिक विषय	45-57
06.	**भाग - पॉच**	अभिनव योजना	58-59
07.	**भाग - छः**	विभाग द्वारा निकाले जा रहे प्रकाशन	60-61
08.	**भाग - सात**	सारांश	62-63
09.	**भाग - आठ**	महिलाओं के लिए किए गए कार्य	64

विभाग का नाम

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग

प्रभारी मंत्री	:	माननीय श्री संजय सत्येन्द्र पाठक (दिनांक 03.07.2016 से निरन्तर)
प्रमुख सचिव	:	श्री व्ही. एल. कान्ता राव (दिनांक 05.04.2016 से निरन्तर)
उप सचिव	:	श्री धनंजय सिंह भदौरिया (दिनांक 07.03.2017 से निरन्तर) श्री पर्वत सिंह (दिनांक 06.05.2016 से निरन्तर)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी	:	श्री राजीव जैन (दिनांक 05.04.2016 से निरंतर)

विभागाध्यक्ष

उद्योग आयुक्त	:	श्री व्ही. एल. कान्ता राव (दिनांक 07.06.2014 से 19.07.2017 तक एवं दिनांक 02.08.2017 से निरंतर) श्रीमती दीपाली रस्तोगी (दिनांक 19.07.2017 से 02.08.2017 तक)

म. प्र. राज्य लघु उद्योग निगम

अध्यक्ष	:	माननीय श्री बाबू सिंह रघुवंशी (दिनांक 26.03.2016 से निरंतर)
प्रबंध संचालक	:	श्री डी. पी. आहूजा (दिनांक 02.01.2017 से 12.07.2017 तक) श्रीमती दीपाली रस्तोगी (दिनांक 13.07.2017 से 02.08.2017 तक) श्री अरूण पाण्डेय (दिनांक 05.08.2017 से 07.08.2017 तक) श्री व्ही. एल. कान्ता राव (दिनांक 08.08.2017 से निरंतर)

म. प्र. राज्य वस्त्र निगम

अध्यक्ष	:	माननीय श्री संजय सत्येन्द्र पाठक (दिनांक 06.10.2016 से निरंतर)
प्रबंध संचालक	:	श्री व्ही. एल. कान्ता राव (दिनांक 06.06.2015 से 19.07.2017 तक एवं दिनांक 02.08.2017 से निरंतर) श्रीमती दीपाली रस्तोगी (दिनांक 19.07.2017 से 02.08.2017 तक)

ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण

अध्यक्ष	:	श्री एस. एन. रूपला (दिनांक 12.04.2016 से 30.11.2017 तक) श्री बी. एम. शर्मा (दिनांक 04.12.2017 से निरंतर)
सचिव	:	श्री शैलेद्र मिश्रा (दिनांक 19.12.2015 से 28.02.2018 तक) श्री पी. सी. वर्मा (दिनांक 01.03.2018 से निरंतर)

भाग - एक

विभागीय संरचना



सामान्य जानकारी

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) आर्थिक विकास के इंजन के रूप में और समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए जाने जाते है। एमएसएमई को मजबूत करने के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग का गठन 5 अप्रैल, 2016 को किया गया था। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के गठन का लक्ष्य एमएसएमई के लिए ऐसी नीतियां बनाना है, जो कि उन्हें विकसित करने के साथ-साथ सक्षम भी बनाए। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग की मदद से एमएसएमई मध्य प्रदेश में सामाजिक-आर्थिक विकास और रोजगार के अवसर को बढ़ावा देने का कार्य करते है। ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देकर विभाग ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ-साथ सामान्य ग्रामीण लोगों और विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त करता है। विभाग एमएसएमई को ऋण, प्रौद्योगिकी तथा स्थानीय एवं वैश्विक बाजार तक की पहुँच प्रदान करता है। एमएसएमई को न्यूनतम साझा सुविधा प्रदान करने के लिए विभाग क्लस्टरो का विकास भी करता है। स्व-रोजगार योजनाओं के माध्यम से विभाग युवाओं को प्रोत्साहित करता है, ताकि वह अपने गृह शहर/गांव में अपने उद्यम स्थापित कर सके।

2. **विभाग के प्रशासकीय नियंत्रण के अंतर्गत एक विभागाध्यक्ष हैं :-**

   (1) उद्योग आयुक्त, मध्यप्रदेश

3. वर्तमान में विभाग के प्रशासकीय नियंत्रण के अंतर्गत दो सार्वजनिक उपक्रम तथा एक प्राधिकरण निम्नानुसार है :-

   (1) मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड
   (2) मध्यप्रदेश राज्य वस्त्र निगम लिमिटेड (निगम बंद करना प्रक्रियाधीन)
   (3) ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण

4. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम का अधिनियम एवं परिभाषा

- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम 2006 का मुख्य उद्देश्य प्रतिस्पर्धात्मक तरीके से लघु एवं मध्यम उद्यमों की उन्नति और विकास में मदद करना है।
- उद्योग के साथ-साथ सर्विस सेक्टर को भी मान्यता देते हुए उद्योग के स्थान पर उद्यम की परिभाषा, सूक्ष्म उद्यम हेतु स्पष्ट प्रावधान, लघु उद्यम (विनिर्माण) की सीमा को बढ़ाकर रू. 5 करोड़ करना।
- आर्थिक स्तर पर उपलब्धियों के अनुरूप मध्यम उद्यमों को परिभाषित करना।
- सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों द्वारा प्रदत्त सेवाओं और माल की खरीद के लिए वैधानिक अधिकार उपलब्ध कराना।
- सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों में भुगतान में विलम्ब को रोकने के लिए कानूनी प्रावधान को सुदृढ़ करना।
- राष्ट्रीय सूक्ष्म एवं लघु उद्यम बोर्ड को वैधानिक आधार प्रदान करना।
- लघु उद्योगों के लिए जटिल व दोहरी पंजीकरण प्रक्रिया के स्थान पर सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए वैकल्पिक विवरण पत्रक भरने की व्यवस्था।
- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम का वर्गीकरण - प्लांट एवं मशीनरी/उपकरणों (भूमि एवं भवन को छोड़कर) में पूँजीवेष्ठन के अधिकतम सीमा के आधार पर विनिर्माण (मैन्युफेक्चरिंग) तथा सेवा (सर्विस) उद्यम को वर्गीकृत किया गया है।

वर्गीकरण निम्नानुसार हैं:-

वर्गीकरण	मैन्यूफैक्चरिंग पूँजीवेष्ठन सीमा	सर्विस सेक्टर पूँजीवेष्ठन सीमा
सूक्ष्म उद्यम	रू. 25 लाख तक	रू. 10 लाख तक
लघु उद्यम	रू. 25 लाख से अधिक व रू. 5 करोड़ तक	रू. 10 लाख से अधिक व रू. 2 करोड़ तक
मध्यम उद्यम	रू. 5 करोड़ से अधिक व रू. 10 करोड़ तक	रू. 2 करोड़ से अधिक व रू. 5 करोड़ तक

(विस्तृत जानकारी हेतु URL *https://mpmsme.gov.in/mpmsmecms/Admin/fileman/Uploads/Documents/MSMED_Act.pdf* पर क्लिक करें)

5. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग की गतिविधियाँ

- एमएसएमई विकास नीति 2017 (1 अप्रेल, 2018 से प्रभावशील) का क्रियान्वयन।
- उद्योग संवर्धन नीति 2014 (एमएसएमई से संबंधित भाग) का क्रियान्वयन।
- मध्यप्रदेश इंक्यूबेशन और स्टार्टअप नीति 2016 का क्रियान्वयन।
- नियमों एवं प्रक्रियाओं का सरलीकरण कर, प्रदेश प्रशासन को "उद्योग मित्र" (Industry Friendly) बनाना।
- औद्योगीकरण को गति प्रदान कर प्रदेश को औद्योगिक दृष्टि से अग्रणी बनाना।
- एमएसएमई की स्थापना को प्रोत्साहित कर रोजगार के अवसर सृजित करना।
- उद्योगों में रुग्णता दूर करने के लिए विशेष कार्यक्रम बनाना।
- विभिन्न रोजगार मूलक योजनाओं को समन्वित कर रोजगार के निरंतर अवसर उपलब्ध कराना।

6. नीति, नियमों, आदेशों व निर्देशों का अंगीकरण

विभागीय आदेश क्रमांक एफ 05-03/2016/अ-तेहत्तर, दिनांक 16.08.2016 द्वारा विभाग की पृथक नीति, नियम, आदेश व निर्देश जारी होने तक तत्समय वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग वर्तमान में उद्योग नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा जारी नीति, नियम, आदेश व निर्देश समस्त सुसंगत नियमों आदि सहित यथा आवश्यक यथा स्थान के नाम के उल्लेख सहित विभाग (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग) द्वारा अंगीकृत किये गये है।

7. म. प्र. एमएसएमई विकास नीति 2017

7.1 राज्य शासन द्वारा रोजगार सृजन, समावेशी विकास, एक सक्रिय नीति एवं विनियामक वातावरण बनाने, स्वरोजगार के लिए अवसर पैदा करने और इनके माध्यम से राज्य के समग्र औद्योगिक विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु म. प्र. एमएसएमई विकास नीति 2017 जारी की गई है, जो 1 अप्रेल, 2018 से प्रभावशील होगी। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी के उद्योगों को नीति अंतर्गत सहायता/सुविधा प्रदान करने हेतु "मध्यप्रदेश एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2017" लागू की गई है।

7.2 म. प्र. एमएसएमई विकास नीति 2017 अंतर्गत एमएसएमई हेतु सहायता/अनुदान :

(i) **उद्योग विकास अनुदान** - सूक्ष्म, लघु और मध्यम विनिर्माण उद्यमों को संयंत्र एवं मशीनरी में किये गये निवेश का 40% उद्योग विकास अनुदान के रूप में 5 समान वार्षिक किश्तों में प्रदान किया जाएगा।

(ii) **इकाई परिसर तक अधोसंरचना विकास हेतु सहायता** - यदि निवेशक मध्यम श्रेणी के विनिर्माण उद्यम की स्थापना हेतु निजी भूमि क्रय करता है या अविकसित शासकीय भूमि शासन से प्राप्त करता है तो ऐसी इकाइयों को राज्य शासन द्वारा इकाई परिसर तक पानी, सड़क और बिजली के अधोसंरचना विकास में किये गये व्यय का 50% वित्तीय सहायता, अधिकतम रुपये 25 लाख प्रदान की जाएगी।

(iii) अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों हेतु सहायता - औद्योगिक इकाईयों को अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों (जैसे ईटीपी, एसटीपी आदि) की स्थापना में निवेश के लिये 50 प्रतिशत पूंजी अनुदान अधिकतम 25 लाख रुपए प्रदान की जाएगी।

(iv) निजी औद्योगिक क्षेत्रों तथा बहुमंजिला औद्योगिक परिसर की स्थापना/ विकास हेतु सहायता - पूर्व अनुमति प्राप्त कर संस्था/ऐजेन्सी/निवेशक द्वारा निजी औद्योगिक क्षेत्र/ बहुमंजिला औद्योगिक परिसर की स्थापना/विकास हेतु व्यय की गई राशि का 20 प्रतिशत अधिकतम रू. 2 करोड़ की सहायता प्रदान की जाएगी। विकसित औद्योगिक क्षेत्र का क्षेत्रफल कम से कम 5 एकड़ या बहुमंजिला औद्योगिक परिसर का कारपेट क्षेत्र कम से कम 10000 वर्ग फीट होना आवश्यक है और इनमें कम से कम पांच औद्योगिक इकाईयां कार्यरत होना चाहिए।

(v) अंशदायी भविष्य निधि (सीपीएफ) में योगदान की प्रतिपूर्ति नई औद्योगिक इकाइयों, जिनमें 10 से अधिक नियमित कर्मचारियों के सीपीएफ में प्रति कर्मचारी अधिकतम 1000 रूपये नियोक्ता के अंश के रूप में जमा किये जा रहें हों, तो ऐसे सभी कर्मचारियों के नियोक्ता के अंश की शत प्रतिशत राशि की प्रतिपूर्ति 5 वर्ष की अवधि के लिये या अधिकतम रू. 5 लाख (इनमें से जो भी कम हो) प्रदान की जाएगी।

(vi) गुणवत्ता प्रमाणीकरण के लिए प्रतिपूर्ति - गुणवत्ता प्रमाणपत्र प्राप्त करने हेतु किए गए व्यय का 50%, अधिकतम रू. 3 लाख की प्रतिपूर्ति राज्य शासन द्वारा की जाएगी।

(vii) पेटेंट/आईपीआर के लिए प्रतिपूर्ति - राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय नियम/कानून के अन्तर्गत शोध एवं अनुसंधान के आधार पर विकसित किये गये उत्पादों/उत्पादन प्रक्रियाओं का पेटेंट/आईपीआर कराने पर हुए व्यय का शतप्रतिशत, अधिकतम राशि रू. 5 लाख की प्रतिपूर्ति राज्य शासन द्वारा की जाएगी।

(viii) पॉवरलूम उन्नयन हेतु सहायता - भारत सरकार की INSITU अपग्रेडेशन योजना के तहत पॉवरलूम का उन्नयन

करने के लिए किये गये व्यय में से, भारत सरकार से प्राप्त वित्तीय सहायता के समायोजन के पश्चात, शेष राशि का शत-प्रतिशत या उन्नयन लागत का 25%, जो भी कम हो, अधिकतम 8 पॉवरलूम प्रति इकाई सहायता प्रदान की जाएगी।

(विस्तृत जानकारी हेतु URL *https://mpmsme.gov.in/mpmsmecms/Admin/ fileman/Uploads/Documents/MSME_Development_Policy_2017.pdf* पर क्लिक करें)

8. म. प्र. इंक्यूबेशन एवं स्टार्टअप नीति 2016

8.1 भारत सरकार के 'स्टार्टअप इंडिया' विजन के साथ तालमेल रखते हुये एक अनुकूल, अभिनव और तकनीकी उद्यमी परिस्थितिकी तंत्र की परिकल्पना को साकार करने हेतु 'म. प्र. इंक्यूबेशन एवं स्टार्टअप नीति 2016' के माध्यम से प्रदेश सरकार द्वारा स्टार्टअप संस्कृति को पोषित और बढ़ावा दिया जा रहा है।

8.2 'म. प्र. इंक्यूबेशन एवं स्टार्टअप नीति 2016' अंतर्गत एमएसएमई हेतु प्रमुख सहायता/अनुदान

अ. इन्क्यूबेटरों को प्रोत्साहन

i. पूंजी अनुदान
ii. संचालन सहायता
iii. स्टाम्प शुल्क एवं पंजीयन
iv. सलाह हेतु सहायता
v. स्टार्टअप प्रतियोगिता सहायता

ब. स्टार्टअप/उद्यमियों को प्रोत्साहन

i. ब्याज अनुदान
ii. लीज़ किराया अनुदान
iii. पेटेंट/गुणवत्ता संवर्धन अनुदान
iv. स्टार्टअप विपणन सहायता
v. क्रेडेंशियल विकास सहायता

(विस्तृत जानकारी हेतु URL *https://mpmsme.gov.in/mpmsmecms/Admin/fileman/Uploads/Documents/MP_Incubation_&_Startup_Policy_2016.pdf* पर क्लिक करें)

9. उद्योग संवर्धन नीति-2014 (एमएसएमई से संबंधित भाग)

9.1 राज्य शासन द्वारा औद्योगीकरण को गति प्रदान कर प्रदेश को औद्योगिक दृष्टि से अग्रणी बनाने, औद्योगिक प्रतिस्पर्धा बढ़ाने, प्रदेश प्रशासन को उद्योग मित्र बनाये रखने एवं राज्य में निजी क्षेत्र के निवेश में सारवान वृद्धि के उद्देश्य से उद्योग संवर्धन नीति, 2014 जारी की गई हैं। यह नीति 01 अक्टूबर, 2014 से प्रभावी है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी के उद्योगों को नीति अंतर्गत सहायता/सुविधा प्रदान करने हेतु "मध्यप्रदेश एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2014" लागू की गई है, जो 31 मार्च, 2018 तक वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने वाली इकाईयों हेतु है। 31 मार्च, 2018 के पश्चात वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने वाली इकाईयों को म. प्र. एमएसएमई विकास नीति 2017 अंतर्गत प्रोत्साहनों की पात्रता होगी।

9.2 उद्योग संवर्धन नीति, 2014 अंतर्गत एमएसएमई हेतु प्रमुख सहायता/अनुदान :

(i) स्थायी पूंजी निवेश पर अनुदान
(ii) टर्म लोन पर ब्याज
(iii) वैट एवं सीएसटी की प्रतिपूर्ति
(iv) परियोजना अंतर्गत अधोसंरचना विकास हेतु किये गये व्यय की प्रतिपूर्ति
(v) अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों की स्थापना हेतु सहायता
(vi) प्रवेश कर से छूट
(vii) मण्डी शुल्क से छूट
(viii) विद्युत शुल्क से छूट
(ix) बीमार लघु उद्योग इकाईयों के पुनर्जीवन हेतु सहायता

(विस्तृत जानकारी हेतु URL *https://mpmsme.gov.in/mpmsmecms/Admin/fileman/Uploads/Documents/Industrial_Promotion_Policy_ 2014_Amended.pdf* पर क्लिक करें)

10. लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड

9.1 प्रदेश के एमएसएमई के संवर्धन हेतु परामर्श एवं सुझाव, उद्योग संवर्धन नीति पर सुझाव तथा उद्योगों में आने वाली कठिनाईयों के निराकरण के लिए माननीय मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड गठित है।

9.2 राज्य शासन द्वारा 4 जनवरी, 2018 से जिला स्तर पर जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड का गठन किया गया है।

11. सूक्ष्म और लघु उद्यम फेसिलिटेशन काउंसिल

सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों में भुगतान में विलम्ब को रोकने के लिये "सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम 2006" की धारा 30 एवं 21 के अंतर्गत राज्य में सूक्ष्म और लघु उद्यम फेसिलिटेशन काउंसिल का गठन करने का प्रावधान है। राज्य शासन द्वारा "सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम 2006" के अध्याधीन, मध्यप्रदेश सूक्ष्म और लघु उद्यम फेसिलिटेशन काउंसिल नियम 2006 दिनाँक 10 जनवरी, 2007 को अधिसूचित किये गये थे तथा फैसिलिटेशन काउन्सिल के गठन की अधिसूचना दिनाँक 10 जनवरी, 2007 को जारी कर दी गई थी। फेसिलिटेशन काउंसिल ने जुलाई 2007 से बैठकें प्रारंभ की है। राज्य शासन के आदेश दिनांक 24.11.2017 से मध्यप्रदेश सूक्ष्म और लघु उद्यम फेसिलिटेशन काउंसिल के कार्यकरण को सुविधायुक्त बनाने के लिए नवीन मध्यप्रदेश सूक्ष्म और लघु उद्यम फेसिलिटेशन काउंसिल नियम 2017 जारी किये गये है।

(विस्तृत जानकारी हेतु URL *https://mpmsme.gov.in/mpmsmecms/Admin/fileman/Uploads/Documents/MP_MSEFC_Rules_2017.pdf* पर क्लिक करें)

12. मध्यप्रदेश राज्य औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम, 2015

मध्यप्रदेश राज्य में औद्योगिक अविकसित भूमि, औद्योगिक क्षेत्र की विकसित एवं विकसित की जाने वाली भूमि एवं औद्योगिक भवनों के प्रबंधन हेतु "मध्यप्रदेश राज्य औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम-

2015" दिनांक 01 अप्रेल, 2015 से लागू किया गया है। राज्य शासन के आदेश दिनांक 20.10.2016 द्वारा नियमों में संशोधन कर उनका सरलीकरण किया गया है।

(विस्तृत जानकारी हेतु URL *https://mpmsme.gov.in/mpmsmecms/Admin/fileman/Uploads/Documents/MP_Land_Rules_2015.pdf* पर क्लिक करें)

13. म. प्र. भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम - 2015

शासकीय क्रय में कार्यकुशलता, समयबद्धता, मितव्ययिता, पारदर्शिता एवं प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के साथ-साथ प्रदेश के सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य शासन, शासकीय विभाग एवं उनके घटकों द्वारा सामग्री एवं सेवा उपार्जन हेतु म. प्र. भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम - 2015 दिनांक 28 जुलाई, 2015 से लागू किया गया है।

(विस्तृत जानकारी हेतु URL *https://mpmsme.gov.in/mpmsmecms/Admin/fileman/Uploads/Documents/MP_Purchase_Rules_2015.pdf* पर क्लिक करें)

14. लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम, 2010 अंतर्गत विभागीय सेवाएं

लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम, 2010 अंतर्गत विभाग की छः सेवाए यथा एमएसएमई प्रोत्साहन योजना अंतर्गत पूंजी अनुदान, ब्याज अनुदान, प्रवेश कर मुक्ति, वैट एवं सीएसटी प्रतिपूर्ति की स्वीकृति, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना अंतर्गत आवेदन के पूर्ण/अपूर्ण की जानकारी प्रदान करना और मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना अंतर्गत आवेदन के पूर्ण/अपूर्ण की जानकारी प्रदान करना व उसे सक्षम समिति से निर्णीत कराना, अधिसूचित की गई है।

(विस्तृत जानकारी हेतु URL *https://mpmsme.gov.in/mpmsmecms/Admin/fileman/Uploads/Documents/MSME_Lok_sewa_2017.pdf* पर क्लिक करें)

15. **सेण्ट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नॉलॉजी (सीपेट), भोपाल**

सीपेट, भोपाल को भारत सरकार से उनकी परियोजना हेतु अधोसंरचना, मशीनरी एवं उपकरण हेतु सहायता प्राप्त हो रही है। यह सहायता, केन्द्र सरकार अंश 50 प्रतिशत, राज्य सरकार अंश 50 प्रतिशत के आधार पर प्राप्त होना है।

16. **सेण्ट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नॉलॉजी (सीपेट), वोकेशनल ट्रेनिंग सेण्टर, ग्वालियर**

भारत सरकार की परियोजना अंतर्गत रू. 40.10 करोड़ की लागत से ग्वालियर में वोकेशन ट्रेनिंग सेण्टर स्थापित किया गया है, जिसमें नवंबर, 2016 से अस्थायी भवन में प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया है। राज्य शासन द्वारा इस सेण्टर हेतु 10 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई है। परियोजना अंतर्गत केन्द्र सरकार व राज्य सरकार अंश 50-50 प्रतिशत है। परियोजना में भारत सरकार द्वारा राशि रू. 7.85 करोड़ उपलब्ध कराई गई है।

17. **स्वरोजगार योजनाएं**

राज्य शासन द्वारा आदेश दिनांक 16.11.2017 द्वारा स्वरोजगार योजनाओं यथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना और मुख्यमंत्री आर्थिक कल्याण योजना अंतर्गत सहायता प्राप्त करने की पात्रता में संशोधन किया गया है। योजनाओं अंतर्गत आवेदक का परिवार पहले से उद्योग/व्यापार क्षेत्र में स्थापित न होने एवं आवेदक के आयकरदाता न होनें की शर्त जोड़ी गई। साथ ही बीपीएल आवेदकों को अतिरिक्त सहायता का प्रावधान किया गया। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना अंतर्गत परियोजना लागत रू. 1 करोड़ से बढ़ाकर रू. 2 करोड़ की गई। इसी आदेश द्वारा प्रदेश के किसानों के पुत्र/पुत्रियों को उद्योग एवं सेवा क्षेत्र से संबंधित न्यूनतम रुपये 10 लाख से अधिकतम रुपये दो करोड़ तक की कृषि परियोजनाओं पर आधारित अपना उद्यम स्थापित करने हेतु बैंक से सुगमतापूर्वक ऋण उपलब्ण कराने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री कृषक उद्यमी योजना' प्रारंभ की गई है। इस योजनान्तर्गत मार्जिनमनी सहायता, ब्याज अनुदान एवं ऋण गारंटी का लाभ शासन द्वारा दिया जाएगा।

18. प्रदेश में एमएसएमई हेतु पृथक विभाग का गठन होने से प्रदेश के औद्योगीकरण में गति तथा रोजगार सृजन बढ़ा है, जिससे प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य में तेजी से सकारात्मक बदलाव आया है। प्रदेश में उद्योग लगाने हेतु प्रदेश के उद्योगपतियों को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, जिसमें माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा एमएसएमई मंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभिन्न आयोजन स्थल पर उद्योगपतियों के साथ विचार विमर्श कर उन्हें प्रदेश में उद्योग नीतियों व औद्योगिक संभावनाओं की जानकारी प्रदान कर प्रदेश में उद्योग स्थापनार्थ आमंत्रित किया गया है।

उद्योग संचालनालय, मध्यप्रदेश

अ. दायित्व

- मध्यप्रदेश के समग्र आर्थिक विकास में औद्योगीकरण एवं व्यापार संवर्धन के माध्यम से योगदान देना।
- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों एवं सहायक औद्योगिक इकाइयों की स्थापना हेतु प्रोत्साहन देना।
- प्रदेश में इंक्यूबेटरों व स्टार्टअप का पोषण एवं बढ़ावा देना।
- युवा उद्यमिओं को उद्यम की स्थापना हेतु ऋण उपलब्ध करवाना।
- विभिन्न स्वरोजगार मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन द्वारा रोजगार के अवसरों का सृजन।
- निर्यात वृद्धि के लिए उत्प्रेरक एवं सहायक की भूमिका निभाना।
- प्रदेश में स्थित पावरलूम उद्योगों का विकास एवं पावरलूम औद्योगिक इकाइयों की स्थापना हेतु प्रोत्साहन देना।

ब. सामान्य जानकारी

मध्यप्रदेश में प्रभावी व गतिशील औद्योगीकरण की दिशा में उद्योग संचालनालय द्वारा उद्योगों की स्थापना व उसके संचालन को सरल व सहज बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार संचालनालय द्वारा प्रदेश के बेरोजगारों को स्वरोजगार उपलब्ध करवाने हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना एवं मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। लोक सेवाओं के

प्रदान की गारंटी अधिनियम, 2010 अंतर्गत सेवाओं को सम्मिलित कर कार्य में पारदर्शिता लाई गई है।

स. एमएसएमई का विकास

- <u>एमएसएमई एवं स्वरोजगार सम्मेलन, 2017</u>

  दिनांक 17 व 18 नवम्बर, 2017 को एमएसएमई एवं स्वरोजगार सम्मेलन, 2017 का आयोजन भोपाल में किया गया। सम्मेलन में माननीय मुख्यमंत्री जी और माननीय श्री गिरिराज सिंह, एमएसएमई मंत्री, भारत सरकार उपस्थिति रहे। सम्मेलन में प्रदेश की एमएसएमई इकाईयों के स्वामियों, औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों और स्वरोजगार योजनांतर्गत लाभांवित हितग्राहियों ने अपनी सहभागिता की, उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई और अपने उद्यम को आगे ले जाने के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। सम्मेलन का मुख्य आकर्षण एमएसएमई के उत्पादों की प्रदर्शनी थी। सम्मेलन में एमएसएमई से जुड़े विषयों पर थीम सेमिनार आयोजित किये गये। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा वर्ष 2016-17 में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाली सूक्ष्म व लघु उद्योग इकाईयों को पुरूस्कृत किया गया।

- <u>क्लस्टर</u> - भारत सरकार की क्लस्टर योजना के अंतर्गत प्रदेश में भारत सरकार से सैद्धांतिक रूप से स्वीकृत 4 क्लस्टरों यथा रेडिमेड गारमेंट पार्क गदईपुरा जिला ग्वालियर, अपेरल क्लस्टर बिजैपुर जिला इंदौर, फूड क्लस्टर बड़ौदी जिला शिवपुरी और नमकीन एण्ड एलाईड क्लस्टर करमड़ी जिला रतलाम में अधोसंरचना कार्य प्रगति पर है।

  सार्वजनिक सुविधा भवन हेतु निम्नलिखित चार प्रस्ताव तैयार किये गये है :-

  1. एग्रीकल्चर इमप्लीमेंट्स क्लस्टर, खुरई, सागर
  2. इंजीनियरिंग क्लस्टर गोविंदपुरा, भोपाल
  3. नमकीन एवं मिष्ठान क्लस्टर, जबलपुर
  4. मालवा प्लास्टिक एवं पैकेजिंग क्लस्टर, उज्जैन

  उक्त में से मालवा प्लास्टिक एवं पैकेजिंग क्लस्टर, उज्जैन को भारत सरकार से अंतिम अनुमोदन प्राप्त हो चुका है।

- एफडीडीआई के मध्यप्रदेश में स्थित सेण्टरों यथा भोपाल, बैतुल, ग्वालियर, जबलपुर, कटनी, अशोकनगर, गुना एवं देवास में वर्ष 2017-18 में माह दिसंबर, 2017 अंत तक तक 3889 व्यक्तिओं को प्रशिक्षण प्रदान कर 269 प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है।

द. लैण्ड बैंक एवं औद्योगिक क्षेत्रों का विकास

- प्रदेश में उपलब्ध औद्योगिक प्रयोजन हेतु उपयुक्त शासकीय भूमियों का एक लैण्ड बैक बनाया गया है, जिससे उद्यमिओं को आकर्षित कर उद्यम स्थापित किये जा सकें। मध्यप्रदेश शासन, प्रदेश में एमएसएमई की स्थापना के लिये दृढ़ संकल्पित है। वर्तमान में प्रदेश में 186 औद्योगिक क्षेत्र स्थापित है। इनके साथ-साथ अनेक अविकसित भूमियों को चिन्हित किया जाकर उन्हें विकसित किया जा रहा है।
- वित्तीय वर्ष 2017-18 में प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्र विहीन जिला अनुपपूर, उमरिया एवं अशोकनगर में नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये है तथा भूखण्डों का आवंटन किया गया है।
- शिवपुरी जिलें में करेरा, उज्जैन जिलें में फर्नाखेड़ी, डिण्डोरी जिलें में कोहका एवं अलीराजपुर में सेजवाड़ा नये औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये जा रहे है।

(विस्तृत जानकारी हेतु URL *https://mpmsme.gov.in/mpmsmecms/Admin/fileman/Uploads/Documents/Land_Bank_2014.pdf* पर क्लिक करें)

ई. एग्जिबिशन सेण्टर

प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों भोपाल, जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर तथा सतना में एग्जिबिशन सेण्टर बनाए जाने की माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा की गई है। इन एग्जिबिशन सेण्टरों में एमएसएमई के उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। भोपाल, जबलपुर, इंदौर तथा सतना में एग्जिबिशन सेण्टर बनाए जाने हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है।

फ. एमएसएमई फेसिलिटेशन सेल

एमएसएमई इकाईयों को शासन की नीतियों पर मार्गदर्शन, सुविधा एक स्थान पर प्रदान करने हेतु एमएसएमई फेसिलिटेशन सेल का गठन किया गया है। उद्योग संचालनालय, म.प्र. में एमएसएमई फेसिलिटेशन सेल (हब) 1 मार्च, 2017 से प्रारंभ हो गया है। इस फेसिलिटेशन सेल में 20 कंसलटेंट कार्य कर रहे है तथा उद्योग संचालनालय, म. प्र. में इन कंसलटेंट के मार्गदर्शन हेतु विषय विशेषज्ञों का 'हब' बनाया गया है। इन कंसलटेंट को 20 जिलों में पदस्थ किया गया है और आस-पास के जिलों का दायित्व इन्हें दिया गया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि एक माह में सभी जिलों में इनकी पूर्व निर्धारित बैंठके एमएसएमई के साथ आयोजित हो। इस प्रकार सभी 51 जिलें इन कंसलटेंट को आवंटित कर सभी जिलों में 'एमएसएमई बिजनेस फेसिलिटेशन सेण्टर' स्थापित कर इनके जरिए फेसिलिटेशन का कार्य किया जा रहा है।

ज. स्वरोजगार योजनाएं

- **मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना** :- प्रदेश के शिक्षित युवाओं को स्वयं का उद्यम स्थापित करने हेतु बैंक से सुगमतापूर्वक ऋण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना दिनांक 01.08.2014 से प्रारंभ की गई है। योजना अंतर्गत परियोजना लागत न्यूनतम रुपये 10 लाख से अधिकतम रुपये दो करोड़ तक है। योजना के प्रावधान अनुसार आवेदक का परिवार पहले से उद्योग/व्यापार क्षेत्र में स्थापित नहीं होना चाहिए और आवेदक स्वयं आयकरदाता नहीं होना चाहिए। योजनांतर्गत हितग्राहियों को मार्जिनमनी सहायता, ब्याज अनुदान, ऋण गारंटी एवं प्रशिक्षण का लाभ शासन द्वारा दिया जाता है। योजना में बीपीएल आवेदक एवं महिलाओं को अतिरिक्त सहायता का प्रावधान है।

  (विस्तृत जानकारी हेतु URL *https://mpmsme.gov.in/mpmsmecms/Admin/fileman/Uploads/Documents/MMYUY_&_MMSY_New_Guidelines.pdf* पर क्लिक करें)

- **मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना** :- प्रदेश के शिक्षित युवाओं को स्वयं का उद्यम स्थापित करने हेतु बैंक से सुगमतापूर्वक ऋण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना दिनांक 01.08.2014 से प्रारंभ की गई है। योजना अंतर्गत परियोजना लागत न्यूनतम रुपये 50 हजार

से अधिकतम रुपये 10 लाख तक है। योजना के प्रावधान अनुसार आवेदक का परिवार पहले से उद्योग/व्यापार क्षेत्र में स्थापित नहीं होना चाहिए और आवेदक स्वयं आयकरदाता नहीं होना चाहिए। योजनांतर्गत हितग्राहियों को मार्जिनमनी सहायता, ब्याज अनुदान, ऋण गारंटी एवं प्रशिक्षण का लाभ शासन द्वारा दिया जाता है।

(विस्तृत जानकारी हेतु URL *https://mpmsme.gov.in/mpmsmecms/Admin/fileman/Uploads/Documents/MMYUY_&_MMSY_New_Guidelines.pdf* पर क्लिक करें)

- **प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम :-** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार योजना एवं ग्रामीण रोजगार सृजन कार्यक्रम को समन्वित कर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। राष्ट्र स्तर पर योजना की नोडल एजेन्सी खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग है। प्रदेश स्तर पर योजना का संचालन खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड व जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम अंतर्गत शिक्षित बेरोजगारों को उद्योग के लिये अधिकतम परियोजना लागत रू. 25 लाख तथा सेवा/व्यवसाय के लिये अधिकतम परियोजना लागत रू. 10 लाख हेतु ऋण बैंक के माध्यम से प्रदान किया जाता है। उद्योग क्षेत्र की परियोजना में परियोजना लागत रू. 10 लाख से अधिक होने पर और सेवा क्षेत्र की परियोजना में परियोजना लागत रू. 5 लाख से अधिक होने की स्थिति में, आवेदक का न्यूनतम आठवीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। योजनांतर्गत हितग्राहियों को शहरी व ग्रामीण के आधार पर मार्जिनमनी सहायता का लाभ दिया जाता है।

  (विस्तृत जानकारी हेतु URL *https://mpmsme.gov.in/mpmsmecms/Admin/fileman/Uploads/Documents/PMEGP.pdf* पर क्लिक करें)

च. सूचना प्रौद्योगिकी कार्य

प्रदेश के उद्यमियों को ऑनलाईन सेवाए व जानकारी प्रदान करने हेतु राशि रू. 626.27 लाख की परियोजना लागत से ऑफिस ऑटोमेशन का कार्य वर्ष 2015-16 में प्रारंभ किया गया है, जो वर्ष 2020-21 तक पूर्ण होगा। प्रथम तीन वर्षो में साफ्टवेयर का विकास, प्रशिक्षण एवं बैकलॉग डाटा एंट्री का कार्य

और शेष तीन वर्षो में विकसित साफ्टवेयर के रखरखाव का कार्य मैप-आईटी द्वारा किया जावेगा। उक्त परियोजना के तहत विभागीय वेबसाईट mpmsme.gov.in (हिन्दी URL : एमपीएमएसएमई.सरकार.भारत) विकसित कर प्रारंभ की गई है। वेबसाइट जी.आई.जी.डब्ल्यू. मापदंडो के अनुरूप विकसित की गई है। विभागीय सुविधाएँ चरणबद्ध रूप से उद्यमियों को ऑनलाईन प्रदान की जा रही है, जिससे विभागीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बढ़ गई है। उक्त के साथ-साथ एमआईएस प्रणाली भी विकसित की जा रही है। पहले चरण में स्वरोजगार योजनाओं के आवेदन ऑनलाईन प्राप्त किये जा रहे है। साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि का आवंटन तथा शुल्क का भुगतान शत-प्रतिशत ऑनलाईन किया गया है। विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों के एनआईसी अंतर्गत ई-मेल पते बनाए गए है और उन्हें विकसित साफ्टवेयर के उपयोग हेतु प्रशिक्षित किया गया है।

इ. उद्योग संचालनालय, मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण सांख्यिकी

- **उद्यमों की स्थापना :-**
  - ❖ वर्ष 2017-18 में जनवरी, 2018 अंत तक कुल 1,68,944 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम पंजीकृत हुये, जिसमें रू. 11446.06 करोड़ का पूंजी निवेश हुआ है तथा प्रत्यक्ष रूप से 498390 व्यक्तियों को रोजगार मिला हैं।
  - ❖ प्रदेश में वर्ष 2012-13 से 2016-17 तक वर्षवार पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, पूँजी निवेश एवं रोजगार की जानकारी निम्नानुसार है :-

क्र.	वर्ष	संख्या	पूँजी निवेश (रू. करोड़ में)	रोजगार
1	2012-13	19894	672.43	47414
2	2013-14	18660	612.56	44924
3	2014-15	19835	750.04	51571
4	2015-16	48179	5171.75	194761
5	2016-17	87071	9547.32	363812

- **<u>स्वरोजगार योजनाए</u> :-**

  ❖ मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना अंतर्गत वर्ष 2017-18 में जनवरी, 2018 अंत तक भौतिक लक्ष्य 1500 के विरूद्ध 1301 प्रकरण स्वीकृत हुए एवं 970 प्रकरणों में वित्तीय सहायता राशि रू. 135.77 करोड़ वितरित की गई।

  ❖ मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना अंतर्गत वर्ष 2017-18 में जनवरी, 2018 अंत तक भौतिक लक्ष्य 30000 के विरूद्ध 29593 प्रकरण स्वीकृत हुए एवं 23151 प्रकरणों में वित्तीय सहायता राशि रू. 241.75 करोड़ वितरित की गई।

  ❖ प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2017-18 में जनवरी, 2018 अंत तक वित्तीय लक्ष्य रू. 75.87 करोड़ के विरूद्ध सहायता राशि रू. 24.67 करोड़ वितरित की गई।

- **<u>शासकीय भूमि का हस्तातंरण</u> :-**

प्रदेश में एमएसएमई हेतु नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के आधार पर माह जनवरी, 2017 से माह दिसम्बर, 2017 तक निम्नानुसार शासकीय भूमि राजस्व विभाग से हस्तांतरित कराई गई:-

क्र.	जिला	ग्राम	भूमि (रकबा हे. में)	हस्तांतरण आदेश दिनांक
1	राजगढ़	दिलावरी, प्रेमपुरा	117.989	18.04.2017
2	उज्जैन	फर्नाखेड़ी	17.000	01.07.2017
3	बैतुल	1. चोरडोगरी	18.601	03.08.2017
		2. मोही	8.982	24.10.2017
4	जबलपुर	पिपरिया, परियट	1.200	13.06.2017
5	धार	1. कस्थली, टेमरनी, मुहाली, देवरा	2.189	14.07.2017
		2. मौरका	0.859	11.08.2017
	शिवपुरी	श्येपुरा	5.000	01.09.2017
7	बड़वानी	कसबा, अंजड, सजवान	17.821	08.09.2017
		योग	**189.641**	

- **<u>उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम</u> :-**

  उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का विगत पांच वर्षों में प्रगति विवरण निम्नानुसार है :-

क्रमांक	वर्ष	आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की कुल संख्या	कुल लाभांवित प्रशिक्षणार्थी
1	2012-13	104	3199
2	2013-14	347	10491
3	2014-15	269	8070
4	2015-16	115	3240
5	2016-17	169	4732

प्रदेश के दूरस्थ अंचल के युवाओं को उद्यमिता को समझाने तथा घर से हीं उद्यमियों को सीखने की सुविधा प्रदान करने हेतु केन्द्रीय संस्थान 'NIMSME (निम्समें) हैदराबाद' के सहयोग से ऑनलाईन उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम की एप्लीकेशन तैयार की जा रही है।

- **<u>सूक्ष्म और लघु उद्यम फेसिलिटेशन काउंसिल</u> :-**

वर्ष 2017-18 में जनवरी, 2018 अंत तक काउन्सिल की 03 बैठकें आयोजित की गईं, जिसमें विगत वर्ष के काउन्सिल को प्राप्त 190 प्रकरण रखे जाकर 78 प्रकरणों में कुल राशि रू. 34.74 करोड़ के समझौता आदेश/अवार्ड पारित किये गये हैं। शेष 112 प्रकरण एवं जनवरी, 2018 तक प्राप्त 95 नवीन प्रकरण सहित कुल 207 प्रकरण काउन्सिल के समक्ष विचाराधीन है।

<u>मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड</u>

(अ) निगम की संरचना :-

मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम का पंजीकरण कम्पनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत शासकीय कम्पनी के रूप में दिनांक 28 दिसम्बर, 1961 को किया गया था। वर्तमान में निगम की अधिकृत अंशपूंजी रू. 500.00 लाख है एवं इसके विरूद्ध प्रदत्त अंशपूंजी रू. 282.75 लाख है। प्रदत्त अंशपूंजी में रू. 267.75

लाख राज्य शासन के तथा रू. 15.00 लाख विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) भारत शासन द्वारा निगम में वेष्ठित हैं। शासन आदेश के अनुरूप निगम द्वारा रू. 282.75 लाख में से रू. 72.45 लाख का निवेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम, जो कि निगम की सहायक कम्पनी है, की अंशपूंजी में किया गया है।

(ब) निगम के मुख्य उद्देश्य :-

(i) शासकीय विभागों हेतु उनकी आवश्यकताओं के उत्पादों का उपार्जनः- म.प्र. भण्डार क्रय नियमों के अन्तर्गत प्रदेश की लघु उद्योग इकाईयों के उत्पादों के विपणन की व्यवस्था करना तथा शासकीय/अर्धशासकीय विभागों/उपक्रमों को उचित गुणवत्ता की सामग्री का प्रतिस्पर्धात्मक दरों पर प्रदाय करवाना।

(ii) प्रदेश के हस्तशिल्पियों, हाथकरघा एवं लघु उद्योग इकाईयों को मृगनयनी म. प्र. एम्पोरियमों के माध्यम से विपणन सुविधा प्रदान करना।

(iii) कच्चे माल की आपूर्ति।

(iv) उद्योगों को परीक्षण सुविधाऐं उपलब्ध कराना।

(v) बिजनेस डेव्लपमेंट सेल के अंतर्गत ई-टेंडिरिंग तथा इकाईयों को कोयले का वितरण।

(vi) निर्माण कार्य।

(स) निगम की गतिविधियों :-

निगम द्वारा उपरोक्त उल्लेखित उद्देश्यों की पूर्ति हेतु निम्न गतिविधियां संचालित की जाती हैं:-

(1) <u>विपणन गतिविधि</u> :-

मध्यप्रदेश शासन द्वारा ज्ञापन क्रमांक एफ-14/2012/अ-ग्यारह, दिनांक 28.07.2015 से म. प्र. भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम, 2015 लागू किया गया है, जिसमें प्रदेश के सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों को बढ़ावा देने की दृष्टिगत कुल 39 वस्तुएं नियम 6 के अंतर्गत म. प्र. लघु

उद्योग निगम के माध्यम से क्रय हेतु आरक्षित की गई हैं। म. प्र. भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम, 2015 के नियम-7 के तहत म. प्र. लघु उद्योग निगम के माध्यम से सामग्री क्रय हेतु ऑनलाईन क्रयादेश तथा ऑनलाईन प्रदाय आदेश जारी किये जाने की प्रक्रिया (mplunrcms.eproc.in) लागू की गई है।

निगम द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग की विशिष्ट मांग के दृष्टिगत साईकिलों के उपार्जन की कार्यवाही GeM पोर्टल पर सम्पादित की गई। GeM पोर्टल पर साईकिल के दर निर्धारण हेतु निगम द्वारा सर्वप्रथम ई-बिडिंग की कार्यवाही की गई। ई-बिडिंग में प्राप्त दरों के आधार पर रिवर्स ऑक्शन की कार्यवाही की गई। रिवर्स ऑक्शन में प्राप्त दरों के आधार पर दर निर्धारण की कार्यवाही की जाकर GeM पोर्टल पर 7,14,316 नग साईकिलों के प्रदाय हेतु प्रदायादेश जारी किये गये, जारी किये गये प्रदायादेशों का कुल मूल्य रू. 235.36 करोड़ है।

निगम द्वारा GeM पोर्टल पर निविदा आमंत्रण एवं रिवर्स ऑक्शन की कार्यवाही प्रथम बार स्कूल शिक्षा विभाग के अनुरोध पर की गई। वर्तमान में साईकिलों के प्रदाय की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

निगम द्वारा म.प्र. राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल के विशिष्ट मांग के दृष्टिगत 1086275 जोड़ी जूता, 1037330 जोड़ी चप्पल एवं 2123515 नग वाटर बॉटल के प्रदाय हेतु निविदा आमंत्रित कर दरों का निर्धारण किया गया है। उपरोक्त सामग्री के प्रदाय की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

निगम द्वारा म.प्र. राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल के विशिष्ट मांग के दृष्टिगत तेन्दू पत्ता संग्राहकों के लिये 10.50 लाख साड़ियों के प्रदाय हेतु निविदा आमंत्रित कर दरों का निर्धारण किया गया है। सामग्री प्रदाय का कार्य प्रक्रियाधीन है।

वित्तीय वर्ष 2016-17 में माह मार्च-2017 तक इस गतिविधि के अन्तर्गत लक्ष्य रू. 660.00 करोड़ के समक्ष रू. 725.17 करोड़ का व्यवसाय हुआ है। वित्तीय वर्ष 2017-18 में इस गतिविधि के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2017 तक रू. 570.00 करोड़ के लक्ष्य के समक्ष रू.

416.70 करोड़ का व्यवसाय हुआ है। प्रदेश की SME के विकास हेतु निगम द्वारा जारी की जा रही राज्य स्तरीय निविदाओं में टर्न ओव्हर में छूट दी गई है।

अनुसूचित जाति/जनजाति के उद्यमियों की सार्वजनिक क्रय नीति के अन्तर्गत प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु भारत सरकार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग मंत्रालय की "नेशनल एस.सी./एस.टी. हब योजना" के अन्तर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों हेतु क्षेत्रीय सम्मेलन इन्दौर एवं जबलपुर में आयोजित किये गये है। इन सम्मेलनों में निगम द्वारा सक्रिय भागीदारी की गई है। नेशनल एस.सी./एस.टी. हब योजना के अन्तर्गत एक्जीविशन/ट्रेड फेयर में भागीदारी, वेण्डर डेवलपमेंट प्रोग्राम, वर्कशाप/सेमीनार/अवेयरनेस प्रोग्राम एवं स्किल डेवलपमेंट से सम्बन्धित कार्यों पर कार्यवाही की जा रही है।

(2) <u>एम्पोरियम गतिविधि</u> :-

निगम द्वारा इस गतिविधि के अंतर्गत प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर एम्पोरियमों का संचालन करके प्रदेश के बुनकरों, हस्तशिल्पियों एवं लघु उद्योगों के विभिन्न उत्पादों का विक्रय किया जाता है। वर्तमान में निगम द्वारा प्रदेश में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर एवं रीवा में तथा प्रदेश के बाहर नई दिल्ली एवं कोलकाता में एम्पोरियमों का संचालन किया जा रहा है। निगम के एम्पोरियमों द्वारा समय-समय पर प्रदर्शनी/सेल आयोजित करके बुनकरों एवं शिल्पियों के उत्पादों का विक्रय बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। साथ ही निगम द्वारा देश एवं विदेश में विभिन्न स्थानों पर आयोजित ट्रेड फेयर एवं प्रदर्शनियों में भाग भी लिया जाता है। एम्पोरियम विभाग द्वारा ऑन लाईन शांपिग हेतु पोर्टल भी संचालित किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2016-17 में माह मार्च 2017 तक इस गतिविधि के अन्तर्गत लक्ष्य रू. 45.56 करोड़ के समक्ष रू. 47.31 करोड़ का व्यवसाय हुआ है। वित्तीय वर्ष 2017-18 में माह दिसम्बर, 2017 तक इस गतिविधि के अन्तर्गत रू. 50.37 करोड़ के लक्ष्य के समक्ष रू. 62.03 करोड़ का व्यवसाय हुआ है।

<u>मेला प्रदर्शनी का आयोजन</u> :-

अ. निगम द्वारा एम्पोरियमों की इस श्रृखला में हस्तशिल्पियों एवं हाथकरघा के उत्पादों को पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराया जाकर तथा राष्ट्रीय मेलों में भागीदारी एवं शिल्प बाजारों का आयोजन कर प्रदेश की कला को प्रदर्शित किया जाता है। इससे प्रदेश के हाथकरघा एवं हस्तशिल्प की पहचान एवं इस क्षेत्र में कार्यरत लोगों को एक समग्र बाजार विपणन हेतु प्राप्त होता है।

ब. निगम द्वारा प्रतिवर्ष नई दिल्ली में आयोजित होने वाले भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश के मण्डप का निर्माण कर संचालन किया जाता है। इस वर्ष नई दिल्ली में दिनांक 14-27 नवम्बर, 2017 की अवधि में प्रगति मैदान में "स्टार्ट-अप इंडिया स्टेण्ड-अप इण्डिया" थीम के आधार पर भाग लिया गया।

भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2017 हेतु राज्य शासन द्वारा राशि रू. 125.00 लाख बजट सीमा रखी गई, जिसके समक्ष राशि रू. 98.89 लाख निगम को प्राप्त हुए। इस आयोजन में राशि रू. 106.85 लाख का व्यय हुआ।

स. प्रदेश की सूक्ष्म लघु एवं मध्यम इकाईयां तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत चयनित इकाईयों द्वारा उत्पादित विभिन्न प्रोडक्ट के निर्यात की सम्भावना के अन्तर्गत दिनांक 02-10 दिसम्बर 2017 तक की अवधि में AF-L Artigiano in Fiera-22nd International Crafts Selling Exhibition, Milan, Italy में सफलता पूर्वक भाग लिया गया।

(3) <u>कच्चा माल गतिविधि</u> :-

निगम द्वारा प्रदेश की लघु उद्योग इकाईयों को कच्चे माल का प्रदाय किया जा रहा है। इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सम्पूर्ण भारत में लौह इस्पात का एलोकेशन तथा उस पर मिलने वाला रिबेट देना बंद कर दिया गया है साथ ही भारत सरकार की उदारीकरण की नीति, कच्चे माल पर से मूल्य नियंत्रण हटाए जाने, मुख्य उत्पादनकर्ताओं द्वारा इकाईयों को सीधे माल प्रदाय किये जाने, निजी

क्षेत्र के उत्पाद बाजार में सस्ते दामों एवं उधारी पर उपलब्ध होने तथा निगम की प्रतिस्पर्धा में निजी वितरक नियुक्त होने आदि कई कारणों से कच्चा माल वितरण के व्यवसाय में बदलाव आया है। फिर भी इस गतिविधि के अंतर्गत निगम द्वारा प्रदेश की लघु उद्योग इकाईयों को लौह, इस्पात, ब्रास स्क्रेप आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है। वित्तीय वर्ष 2017-18 से निगम के कच्चा माल भण्डार, इन्दौर, जबलपुर तथा ग्वालियर बन्द कर दिये गये हैं तथा एक मात्र कच्चा माल भण्डार, भोपाल ही कार्यरत हैं। माह दिसम्बर, 2017 तक इस गतिविधि के अन्तर्गत रू. 17.01 करोड़ के लक्ष्य के समक्ष रू. 11.82 करोड़ का व्यवसाय हुआ है। वित्तीय वर्ष 2016-17 में माह मार्च 2017 तक इस गतिविधि के अन्तर्गत लक्ष्य रू. 55.00 करोड़ के समक्ष रू. 36.13 करोड़ का व्यवसाय हुआ है।

(4) सम्पदा एवं निर्माण गतिविधि :-

निगम की स्थापना के समय शासन द्वारा प्रदेश के औद्योगिकरण को बढ़ाने के उद्देश्य से निगम को प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्रों के निर्माण तथा रख-रखाव का कार्य सौपा गया था, जिसका निगम द्वारा पूर्ण निष्ठा से निर्वहन किया गया। कालांतर में सरकार द्वारा यह कार्य अन्य सरकारी संस्थाओं को सौंपा गया। वर्तमान में निगम द्वारा राज्य शासन के एमएसएमई विभाग के निर्माण कार्य के साथ अन्य विभागों जिसमें अनुसूचित जनजाति विकास विभाग/अनुसूचित जाति विकास विभाग/पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण विभाग/ग्रामीण विकास पंचायत विभाग/स्कूल शिक्षा विभाग/स्वास्थ्य विभाग/खेल एवं युवा कल्याण विभाग/पशुपालन विभाग एवं केन्द्र शासन की केन्द्रीय नवोदय विद्यालय समिति के कार्य सम्मिलित है।

इस तरह से यह गतिविधि निगम के लिये एक आवश्यक गतिविधि है। वित्तीय वर्ष 2016-17 में माह मार्च 2017 तक इस गतिविधि के अन्तर्गत लक्ष्य रू. 120.50 करोड़ के समक्ष रू. 131.15 करोड़ के निर्माण कार्य सम्पादित किये गये है। वित्तीय वर्ष 2017-18 में माह दिसम्बर, 2017 तक इस गतिविधि के अन्तर्गत रू. 39.20 करोड़

के लक्ष्य के समक्ष रू. 79.11 करोड़ का व्यवसाय हुआ है। राज्य शासन द्वारा सम्पदा एवं निर्माण विभाग की गतिविधियों को दिनांक 01 जुलाई, 2016 से समाप्त किया गया है। उक्त दिनांक से सम्पदा एवं निर्माण विभाग कोई भी नवीन निर्माण कार्य नहीं लिया तथा न ही निर्माण एजेन्सी बना। विभाग द्वारा वर्तमान चल रहे समस्त निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से निर्धारित समयावधि में पूर्ण किये जा रहे है।

(5) तकनीकी गतिविधि :-

निगम के तकनीकी विभाग द्वारा शासकीय विभागों को प्रदाय की जाने वाली वस्तुओं के स्पेसिफिकेशन का निर्धारण क्रेता विभाग के आवश्यकतानुसार किया जाता है। सामग्रियों के दर निर्धारण हेतु "टू बिड" प्रक्रिया के अंतर्गत आमंत्रित निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन एवं यथा संभव नमूनों का तकनीकी मूल्यांकन एवं उत्पादों के लागत अनुमान तैयार किये जाते है।

निगम के तकनीकी विभाग द्वारा इन्दौर एवं जबलपुर में परीक्षण प्रयोगशालाएं संचालित की जा रही है, जिनके अंतर्गत लघु उद्यमियों के उत्पादों का परीक्षण उचित दरों पर किया जाता है तथा परीक्षण संबंधी प्रशिक्षण भी कर्मचारियों को प्रदान किया जाता है। निगम की इन्दौर परीक्षण प्रयोगशाला को अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर आधारित राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं जैसे एन.ए.बी.एल. (नेशनल एक्रेडेशन बोर्ड आफ लेबोरेटरीज), बी.आईएस.(भारतीय मानक ब्यूरो), एफ.डी.ए., एगमार्क आदि से मान्यता प्राप्त है। परीक्षण प्रयोगशाला जबलपुर को भी आई.एस.ओ. 9001 एवं एन.ए.बी.एल. की मान्यता प्राप्त है। ये प्रयोगशालाएं निर्माण सामग्रियों, खाद्य तत्वों तथा औषधियों की जांच के लिए सभी सुविधाओं से सम्पन्न है। ये प्रयोगशालाएं सरकारी एवं अर्ध सरकारी विभागों के लिए प्रमाणीकरण एजेंसी के रूप में कार्य करती है। वर्ष 2007-08 में भारत सरकार की 50 प्रतिशत ग्रान्ट-इन-एड योजनान्तर्गत दोनों प्रयोगशालाओं में लगभग रूपये 65.00 लाख की लागत से अत्याधुनिक परीक्षण उपकरणों का क्रय किया जाकर सुविधाओं का आधुनिकीकरण किया गया है। वित्तीय वर्ष 2016-17 में इस गतिविधि के अन्तर्गत लक्ष्य रू.

124.39 लाख के समक्ष रू. 91.70 लाख का व्यवसाय किया है। वित्तीय वर्ष 2017-18 में माह दिसम्बर, 2017 तक इस गतिविधि के अन्तर्गत रू. 91.85 लाख के लक्ष्य के समक्ष रू. 81.39 लाख का व्यवसाय किया गया है।

(6) बिजनेस डेव्हलपमेंट सेल :-

मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम केन्द्र शासन की कोयला वितरण नीति (NCDP-2007) के तारतम्य में, प्रदेश के MSME उद्यमियों को कोयला उपलब्ध कराने के लिये मध्यप्रदेश शासन द्वारा नामित एजेन्सी (SNA) है। निगम के 'बिजनेस डेव्हलेपमेंट सेल' (BDC) द्वारा यह गतिविधि संचालित की जाती है।

निगम में बिजनेस डेव्हलपमेंट सेल (BDC) का गठन वर्ष 2005 में हुआ था। तदनंतर वर्ष 2005-06 में लघु उद्योग निगम द्वारा कोयला कम्पनी से कोयला आवंटन प्राप्त कर प्रदेश की कोयला प्राप्त करने की इच्छुक MSME इकाईयों के मध्य कोयले के वितरण का कार्य सफलतापूर्वक किया जाता रहा है। म.प्र. शासन, तत्समय वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार विभाग, वर्तमान में उद्योग नीति एव निवेश प्रोत्साहन विभाग, मंत्रालय, भोपाल के द्वारा परिपत्र क्रमांक एफ 13-3/05/अ-ग्यारह दिनांक 4/7/2008 के द्वारा प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (MSME) जिनकी वार्षिक कोयले की खपत 4200 मे.ट. तक हो, को म.प्र. लघु उद्योग निगम के माध्यम से कोयले का वितरण करने हेतु प्रक्रिया एवं नीति लागू की गई थी, जिसका पालन करते हुए निगम के बी.डी.सी. विभाग द्वारा प्रदेश के इकाईयों को कोल का वितरण किया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2005-06 से 2015-16 तक कोयला वितरण का कार्य निरन्तर जारी रहा, परन्तु बाजार में व्याप्त मंदी और अकस्मात मई, 2016 में कोयला कम्पनीज द्वारा ई-आक्शन के कोयले का मूल्य 20 प्रतिशत तक कम कर दिये जाने के कारण SNA के माध्यम से वितरित किये जाने वाले कोयले का मूल्य तुलनात्मक रूप से अधिक हो गया। इसके फलस्वरूप औद्योगिक इकाईयों ने वर्ष 2016-17 में SNA

(म.प्र. ल.उ.नि.) के माध्यम से कोयला प्राप्त करने में रूचि नहीं ली। यह स्थिति 2017-18 में भी अभी तक जारी है।

कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा SNA (म.प्र. ल.उ.नि.) के माध्यम से कोयला वितरण को प्रोत्साहित करने और उद्योगों को अधिक सुविधा प्रदान करने हेतु NCDP-2007 में संशोधन करते हुए उपरोक्त वार्षिक कोयले की खपत 4200 मे.ट. की सीमा को बढ़ा कर अब 10,000 मे.ट. कर दिया गया है। MSME इकाईयों के अतिरिक्त अन्य बड़े उद्योगों जिनकी वार्षिक कोयले की खपत 10000 मे.ट. तक है, को SNA के माध्यम से कोयला प्राप्त करने की पात्रता प्रदान की है। NCDP में उपरोक्त सुधारों के पश्चात और कोयला कम्पनीज द्वारा भी ई-आक्शन के कोयले के मूल्य में यथास्थिति की प्रत्याशा में वर्ष 2018-19 में म.प्र. ल.उ.नि. के माध्यम से कोयला वितरण बेहतर स्वरूप में पुनर्स्थापित होने की प्रबल सम्भावना है।

वित्तीय वर्ष 2016-17 में माह मार्च-2017 तक इस गतिविधि के अन्तर्गत लक्ष्य रू. 158.40 करोड़ के समक्ष रू. 0.74 करोड़ का व्यवसाय किया है। वित्तीय वर्ष 2017-18 में माह दिसम्बर, 2017 तक इस गतिविधि के अन्तर्गत रू. 118.80 करोड़ के लक्ष्य के समक्ष निरंक व्यवसाय हुआ है।

(7) वित्तीय परफारमेन्स :-

निगम की विगत पांच वर्षो की वित्तीय स्थिति निम्नानुसार हैः-

(रू. लाखों में)

क्र.	वर्ष	कुल व्यवसाय	+लाभ/-हानि
1	2012-13	105569.23	(+) 1220.90 (कर पश्चात्) (अंकेक्षित)
2	2013-14	122024.40	(+) 2253.54 (कर पश्चात्) (अंकेक्षित)
3	2014-15	100598.05	(+) 1631.48 (कर पश्चात्) (अंकेक्षित)
4	2015-16	92560.07	(+) 2579.65 (मासिक प्रगति प्रतिवेदन के अनुसार)

क्र.	वर्ष	कुल व्यवसाय	+लाभ/-हानि
5	2016-17	94143.61	(+) 2274.25 (मासिक प्रगति प्रतिवेदन के अनुसार) (कर पूर्व)
6	2017-18 (दिसम्बर, 2017 तक)	57048.86	(+) 1085.34 (मासिक प्रगति प्रतिवेदन के अनुसार) (कर पूर्व)

निगम द्वारा वर्ष 2017-18 में माह दिसम्बर, 2017 तक रू. 796.30 करोड़ के आनुपातिक लक्ष्य के समक्ष रू. 570.48 करोड़ का व्यवसाय कर लगभग रू. 1085.34 करोड़ का अनुमानित कर पूर्व लाभ मासिक प्रगति प्रतिवेदन के अनुसार) अर्जित किया गया है।

निगम के वर्ष 2014-15 के लेखे पूर्ण हो चुके हैं तथा प्रकाशन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। प्रकाशन उपरान्त लेखे आगामी विधानसभा सत्र में पटल पर रख दिए जायेंगे। वर्ष 2015-16 के लेखों का सांविधिक अंकेक्षण कार्य प्रगति पर है।

ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण

क्षेत्र के उत्पादों के आयात-निर्यात तथा औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने तथा जन कल्याणकारी योजनाओं एवं उत्पादों के प्रचार-प्रसार की इस व्यापार मेला में प्रचुर संभावनायें हैं। वर्ष 1905 से स्थापित इस मेले ने व्यापार जगत में देश में ही नहीं अपितु विदेशों में भी अपनी खास पहचान बनाई है।

विधि और विधायी कार्य विभाग की अधिसूचना क्रमांक 14011-इक्कीस-अ (प्रा) दिनांक 30 दिसम्बर, 1996 के द्वारा ग्वालियर व्यापार मेला के बेहतर प्रबन्धन तथा नियंत्रण के लिये 'ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण अधिनियम, 1996' प्रभावशील हुआ। इसके प्रावधान के अनुसार, मेला संचालन व नियंत्रण के लिये, ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण निकाय गठित किया गया। म.प्र.शासन, तत्समय वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार विभाग, वर्तमान में उद्योग नीति एव निवेश प्रोत्साहन विभाग, मंत्रालय, बल्लभ भवन भोपाल के आदेश क्रमांक एफ-13-1/03/अ-ग्यारह दिनांक 28.12.2013 के अनुसार आयुक्त, ग्वालियर सम्भाग, ग्वालियर को ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण का अध्यक्ष नामांकित किया गया है।

समय-समय पर प्राधिकरण की बैठकें आयोजित की जाती हैं। प्राधिकरण के निर्णयों और संकल्पों के अध्याधीन, मेला संचालन व उस पर नियंत्रण से

सम्बन्धित समस्त गतिविधियों को अध्यक्ष समन्वित करते हैं और उन्हें लागू करते हैं। सचिव (शासकीय प्रतिनिधि) कार्यालय और अध्यक्ष/प्राधिकरण के बीच की प्रमुख कड़ी है, जो मेला आयोजन से लेकर कार्यालय तक, प्रत्येक स्तर पर प्रशासकीय व आर्थिक नियंत्रण के लिये तथा प्राधिकरण व अध्यक्ष के आदेशों/निर्देशों के अनुपालन सुनिश्चित करने के लिये उत्तरदायी है।

104 एकड़ के विस्तृत क्षेत्र में फैले मेला परिसर में 1400 दुकानें, 126 कोठरियां, 44 एम.बी., 37 डी सेक्टर तथा 82 दुकानें एस.टी. सेक्टर में शिल्प बाजार के सामने 100 नवीन दुकानें हैं। इन दुकानों के अलावा खुली भूमि तथा प्रदर्शनी स्थल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। मोटे रूप में मेला परिसर इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर, व्यापारिक संस्थान, लगेज सेक्टर, दंगल सेक्टर, मनोरंजन सेक्टर, प्रदर्शनी तथा पशु मेला आदि क्षेत्रों में विभाजित है। वर्ष 2017-18 में 25 नवीन दुकानों का निर्माण कराया गया है। साथ ही मेला परिसर में स्थित कलामंदिर रंगमंच हॉल का रिनोवेशन कार्य कराया गया, जिसमें इस वर्ष समस्त सॉस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराये गये।

मेला परिसर में कई उद्यान विकसित हैं। तत्समय वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, वर्तमान में उद्योग नीति एव निवेश प्रोत्साहन विभाग के ज्ञापन क्रमांक एफ 11-10/11/बी/2001 दिनांक 28.03.2002 द्वारा मेला परिसर की 15 एकड़ भू-भाग एम्यूजमेंट पार्क, वाटर पार्क एवं फेमिली रि-क्रियेशन सेन्टर निर्माण हेतु 15 वर्षीय पट्टे पर आबंटित की गई है।

मेला परिसर में कला मंदिर तथा कुसुमाकर रंगमंच हैं, जिनमें मेला अवधि में प्रतिदिन होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। मेला परिसर में प्रशासनिक भवन स्थित हैं। इसके अतिरिक्त दो स्थाई एटीएम मेले के मुख्य गेट एवं गेट नं. 05 पर स्थापित हैं।

वर्ष 2017-18 में मेला प्राधिकरण द्वारा कुल 3 मेलों एवं 31 सॉस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

वर्ष 2017-18 में व्यापार मेले का आयोजन 25 दिसम्बर से 19 फरवरी तक किया गया है। मेले में कुल रूपयें 240 करोड़ का व्यवसाय व्यापारियों द्वारा किया गया।

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला अवधि में विख्यात संस्थाओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम यथा धार्मिक नाट्य, अखिल भारतीय मुशायरा और मुकाबला-ए-कव्वाली, राष्ट्रीय स्तर के अभिनेताओं/कलाकारों द्वारा रोचक प्रस्तुतियाँ दी गईं। सांस्कृतिक आयोजनों की श्रृंखला में बाल महोत्सव का आयोजन किया गया। इसके अलावा बाल, स्कूली छात्र-छात्राओं, की आधुनिक रूचि के कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। जिसमें 08 दिवसीय बाल फिल्में

आयोजित की गईं, साथ ही विकलांग ट्राई-साइकिल रेस का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय ग्रामीण जनता की अभिरूचि के अनुसार इस वर्ष स्थानीय, राज्य स्तरीय कुश्ती दंगल प्रतियोगितायें आयोजित की गई। इस वर्ष मेले में शासकीय/अर्धशासकीय विभागों तथा अशासकीय संस्थाओं द्वारा ज्ञानवर्धक एवं आकर्षक प्रदर्शनियाँ लगाई गई।

मेला प्राधिकरण स्वतः एक विशुद्ध व्यापारिक निकाय है। इसके अधीन कोई कार्यालय या संस्था नहीं है।

मध्यप्रदेश राज्य वस्त्र निगम लिमिटेड

1. म. प्र. राज्य वस्त्र निगम की स्थापना अक्टूबर 1970 में प्रदेश की बीमार सूत/कपड़ा मिलों के संचालन, हाथकरघा वस्त्रों के उत्पादन तथा विपणन व्यवस्था करने, हाथकरघा बुनकरों को प्रशिक्षण एवं उनके कौशल उन्नयन हेतु शासन व्दारा संचालित योजनाओं के क्रियांवयन करने के उद्देश्य से की गई थी।

2. बीमार मिलों के संचालन में भारी हॉनि होने तथा हाथकरघा वस्त्रों से संबंधित समस्त योजनाओं को अन्य निगम में हस्तांतरित कर दिये जाने के परिणामस्वरूप शासन व्दारा नीतिगत निर्णय लेते हुये, म.प्र. राज्य वस्त्र निगम को दिनांक 31.10.2000 से बंद करने के आदेश दिये गये।

